Publication: Navbharat
Date: 09.09.2015
Page:07
Headline:S.F.S College qualifies for the final round of TCS IT Wiz

SFS कालेज फाइनल में

नागपुर. टीसीएस द्वारा आयोजित सबसे बड़ा इंटर स्कूल क्विज 'टीसीएस आईटी विज' में विभिन्न स्कूलों से 8-12वीं के छात्रों ने हिस्सा लिया. क्षेत्रीय स्तर के फाइनल क्विज के 5 राउंड के बाद एसएफएस जूनियर कालेज के राहुल भगत और उदित परमार विजेता बने. वहीं उपविजेता वर्धमाननगर, सेंटर प्वाइंट स्कूल के अर्चित वेणुगोपालन और संचित खेड़कर बने. विजेता को जहां एक-एक आईपैड एयर प्रदान किया गया, वहीं उपविजेता को आईपैड मिनी दिया गया. साथ ही विशेष रूप से डिजाइन की गई ट्राफी और पदक भी प्रदान किया गया.